भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या - 3888
11/08/2026 को उत्तर के लिए

मत्स्य उत्पादन में वृद्धि

3888. श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रही:

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वित्तीय वर्षों (2023-24 से 2025-26) के दौरान ओडिशा में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) और राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी) के अंतर्गत आवंटित कुल निधि और किए गए व्यय का कंधमाल, बौद्ध, गंजम और नयागढ़ जिलों सहित जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा इन जिलों में मत्स्य उत्पादन में वृद्धि, बायोफ्लॉक इकाइयों की स्थापना, कृत्रिम गर्भाधान कवरेज सहित क्या उपलब्धियां हासिल की गई हैं और मछुआरों, डेयरी और पशुपालकों की आजीविका में सुधार के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या उपाय किए गए हैं; और

(ग) सरकार द्वारा मात्स्यिकी और जलीय कृषि अवसंरचना विकास निधि (एफआईडीएफ) के अंतर्गत विशेषकर इन जिलों के जनजातीय और आंतरिक क्षेत्रों में शीत श्रृंखला सुविधाओं, चारा बैंकों, मत्स्यपालन अवसंरचना और पशुचिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2020-21 से ओडिशा सहित सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) का कार्यान्वयन किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान, विभाग ने मात्स्यिकी और जलकृषि मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने के लिए कंधमाल, बौद्ध, गंजम और नयागढ़ जिलों सहित राज्य भर में व्यापक स्तर की पहलों को शामिल करते हुए ओडिशा सरकार द्वारा प्रस्तुत 1,301.18 करोड़ रुपए के मात्स्यिकी विकास प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिसमें 484.64 करोड़ रुपए का केंद्रीय अंश शामिल है। PMMSY के तहत, विगत तीन वर्षों के दौरान भारत सरकार ने स्वीकृत गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए ओडिशा सरकार को 161.03 करोड़ रुपए जारी किए हैं। ओडिशा सरकार द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, जारी की गई निधि का जिला-वार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार पशु स्वास्थ्य में सुधार, पशुधन उत्पादकता बढ़ाने, आर्थिक नुकसान को कम करने और किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (NADCP) का कार्यान्वयन कर रहा है। यह कार्यक्रम रोग निगरानी को मजबूत करने और पशु स्वास्थ्य पहलों के कुशल कार्यान्वयन को सुगम बनाने के लिए सार्वभौमिक पशुधन पहचान और एक डिजिटल पशुधन डेटाबेस के निर्माण पर महत्व देता है। NADCP के तहत, विगत तीन वित्तीय वर्षों (2023-24 से 2025-26) के लिए ओडिशा राज्य को 12.78 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है।

(ख) PMMSY और अन्य पहलों के तहत, मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ओडिशा सहित सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को केज और पेन कल्चर इकाइयों, बायोफ्लॉक प्रणालियों, रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (RAS), नए तालाबों, हैचरी, ब्रूड बैंकों की स्थापना और जलाशयों तथा आर्द्रभूमि में फिंगरलिंग्स के संचयन सहित विभिन्न उपायों के माध्यम से मछली उत्पादन बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। ओडिशा सरकार द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, कंधमाल, बौद्ध, गंजम और नयागढ़ जिलों में 15 बायोफ्लॉक इकाइयां स्थापित की गई हैं। राज्य सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक, विगत तीन वर्षों में इन जिलों में मत्स्य उत्पादन में हुई जिला-वार वृद्धि का विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।
पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार गोवंशीय पशुधन के आनुवंशिक सुधार में तेजी लाने और दुग्ध उत्पादकता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन (RGM) के तहत ओडिशा सहित सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कृत्रिम गर्भाधान (AI) कार्यक्रम क्रियान्वित कर रहा है। ओडिशा सरकार द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023-24 से 2025-26 के दौरान कंधमाल, बौद्ध, गंजम और नयागढ़ जिलों में कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के तहत गर्भाधान किए गए पशुओं की वर्ष-वार संख्या **अनुलग्नक-III** में दी गई है।

(ग) मात्स्यिकी और जलकृषि अवसंरचना विकास कोष (FIDF) के तहत मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने ओडिशा में 784.32 करोड़ रुपए के कुल निवेश वाली 13 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसमें 286.39 करोड़ रुपए की ब्याज सहायता शामिल है। इनमें से 740.92 करोड़ रुपए लागत की 11 परियोजनाएं ओडिशा सरकार के लिए स्वीकृत की गई हैं, जबकि राज्य के निजी उद्यमियों के लिए 43.40 करोड़ रुपए के परिव्यय वाली 2 परियोजनाएं मंजूर की गई हैं। स्वीकृत परियोजनाएं राज्य भर में मात्स्यिकी अवसंरचना के विभिन्न क्षेत्रों को मजबूत करती हैं।

*****

अनुलग्नक ।

मत्स्य उत्पादन में वृद्धि के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री सुकांत कुमार पाणिग्राही द्वारा पूछे गए 11 अगस्त, 2026 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3888 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

ओडिशा सरकार द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान PMMSY के तहत जिला-वार जारी की गई निधि।

(रुपए लाख में)

क्र. सं.	ज़िले का नाम	जारी की गयी निधि
1	अंगुल	218.78
2	बालासोर	1766.44
3	बारगढ़	48.95
4	भद्रक	2167.29
5	बोलंगीर	189.79
6	बौध	30.52
7	कटक	459.45
8	देवगढ़	55.25
9	ढेंकनाल	269.4
10	गजपति	25.84
11	गंजम	1068.62
12	जगतसिंहपुर	1292.8
13	जाजपुर	69.1
14	झारसुगुडा	76.47
15	कालाहांडी	153.78
16	कंधमाल	49.77
17	केंद्रपाड़ा	199.13
18	केंदुझर	163.02
19	खुर्दा	718.01
20	कोरापुट	398.15
21	मल्कानगिरी	392.14
22	मयूरभंज	245.36
23	नबरंगपुर	758.23
24	नयागढ़	239.8
25	नुआपाड़ा	47.29
26	पुरी	2187.1
27	रायगढ़	117.01
28	संबलपुर	5493.89
29	सोनेपुर	97.32
30	सुंदरगढ़	94.06
	कुल	**19092.76**

अनुलग्नक II

मत्स्य उत्पादन में वृद्धि के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री सुकांत कुमार पाणिग्राही द्वारा पूछे गए 11 अगस्त, 2026 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3888 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

2023-24 से 2025-26 के दौरान कंधमाल, बौध, गंजाम और नयागढ़ में जिलेवार मत्स्य उत्पादन

(टन में)

क्रम संख्या	**जिला**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**
(i)	**(ii)**	**(iii)**	**(iv)**	**(v)**
1.	कंधमाल	1888.76	1891.14	1934.36
2.	बौध	12322.34	14449.41	13581.78
3.	गंजम	105757.34	109012.34	115012.71
4.	नयागढ़	15075.00	16103.83	17715.75

अनुलग्नक III

मत्स्य उत्पादन में वृद्धि के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री सुकांत कुमार पाणिग्राही द्वारा पूछे गए 11 अगस्त, 2026 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3888 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

वर्ष 2023-24 से 2025-26 के दौरान कंधमाल, बौद्ध, गंजम और नयागढ़ जिलों में कृत्रिम गर्भाधान (AI) कार्यक्रम के तहत गर्भाधान किए गए पशुओं की संख्या।

क्र.सं.	**जिला**	**2023 - 2024**	**2024 - 2025**	**2025-2026**
(i)	**(ii)**	**(iii)**	**(iv)**	**(v)**
1	बौध	11768	16282	12058
2	गंजम	30939	31753	37696
3	कंधमाल	5922	8054	7634
4	नयागढ़	13866	16517	20918
कुल		**62495**	**72606**	**78306**

******